पत्रांक–10 / रा0 संग्रहण–17 / 2021(CN 167648) 2213 /

बिहार सरकार

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग

(निबंधन)

प्रेषक,

डॉ0 संजय कुमार,
उप निबंधन महानिरीक्षक,
बिहार, पटना।

सेवा में;

सभी जिला अवर निबंधक,
सभी अवर निबंधक।

पटना, दिनांक– 24.03.2026

विषय :– सरकार के राजस्व हित एवं जन सुविधा को ध्यान में रखते हुये माह मार्च–2026 में दिनांक–26.03.2026 एवं 31.03.2026 को निबंधन कार्यालय खोले जाने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि सरकार के राजस्व हित एवं आम जन की सुविधा को ध्यान में रखते हुये माह मार्च–2026 के सभी रविवारीय अवकाश के दिन निबंधन कार्यालय खोले जाने का निर्णय विभागीय पत्रांक–1369 दिनांक–19.02.2026 द्वारा संसूचित है।

पटना जिलान्तर्गत निबंधन कार्यालयों एवं अन्य निबंधन कार्यालयों से माह मार्च–2026 में निबंधन हेतु दस्तावेजों का अधिक उपस्थापन होने की सूचना दी गयी है। सम्यक विचारोपरान्त राजस्व संग्रहण एवं जन सुविधा को देखते हुये दिनांक–26.03.2026 एवं 31.03.2026 को निबंधन कार्य हेतु निबंधन कार्यालय खोले जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त आलोक में दिनांक–26.03.2026 एवं 31.03.2026 को भी सभी निबंधन कार्यालयों को निबंधन कार्य हेतु खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

निबंधन पदाधिकारी अपने स्तर से आम जनों के बीच मार्च–2026 में दिनांक–26.03.2026 एवं 31.03.2026 को कार्यालय खुला रहने का व्यापक प्रचार–प्रसार करायेंगे, ताकि आम जनों द्वारा उक्त तिथि को भी दस्तावेजों का निबंधन कराया जा सके।

अतः निदेश दिया जाता है कि इस आशय की सूचना कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कराया जाना तथा कार्यालय के सभी कर्मियों / कम्प्यूटर ऑपरेटर को रविवारीय अवकाश एवं उक्त अवकाश के दिनों में कार्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि ई–स्टाम्प निर्गत हेतु संचालित प्राधिकृत संग्रह केन्द्र में पर्याप्त राशि से वॉलेट रिचार्ज एवं निबंधन कार्य सुचारू रूप से किया जाय। पर्याप्त राशि के आभाव में ई–स्टाम्प निर्गत नहीं होने पर संबंधित निबंधन पदाधिकारी जवाबदेह होंगे। पूर्व से लागू नियमों के अनुसार अवकाश के दिनों में कार्य करने वाले कर्मियों को क्षतिपूर्त्ति अवकाश किसी अन्य कार्य दिवस को बारी–बारी से इस प्रकार देय होगा कि किसी भी दिन निबंधन कार्य बाधित न हो।

विश्वासभाजन

24/03/26

(डॉ0 संजय कुमार)
उप निबंधन महानिरीक्षक
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10 / रा0 संग्रहण–17 / 2021(CN 167648) 2213 / पटना, दिनांकः– 24.03.2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / निबंधन महानिरीक्षक के प्रधान आप्त सचिव को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

24/03/26

उप निबंधन महानिरीक्षक
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10 / रा0 संग्रहण–17 / 2021(CN 167648) 2213 / पटना, दिनांकः– 24.03.2026

प्रतिलिपिः– सभी समाहर्त्ता–सह–जिला निबंधक / सभी प्रमण्डलीय सहायक निबंधन महानिरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप निबंधन महानिरीक्षक
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10 / रा0 संग्रहण–17 / 2021(CN 167648) 2213 / पटना, दिनांकः– 24.03.2026

प्रतिलिपिः– प्रोजेक्ट मैनेजर Terracis Technology Ltd. / विभागीय आई0टी0 सेल के प्रतिनिधि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप निबंधन महानिरीक्षक
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10 / रा0 संग्रहण–17 / 2021(CN 167648) 2213 / पटना, दिनांकः– 24.03.2026

प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक, Bihar State Co-Operative Bank Ltd./ District Co-Operative Bank को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेशित किया जाता है कि ई–स्टाम्प निर्गत हेतु पर्याप्त राशि से वॉलेट रिचार्ज सुनिश्चित किया जाय।

उप निबंधन महानिरीक्षक
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10 / रा0 संग्रहण–17 / 2021(CN 167648) 2213 / पटना, दिनांकः– 24.03.2026

प्रतिलिपिः– श्रीमती स्वाति, सहायक निदेशक–सह–जन सम्पर्क पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप निबंधन महानिरीक्षक
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10 / रा0 संग्रहण–17 / 2021(CN 167648) 2213 / पटना, दिनांकः– 24.03.2026

प्रतिलिपिः– संयुक्त सचिव (मुख्यालय स्थापना) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
अनुरोध है कि उक्त पत्र के आलोक में आई0 टी0 सेल के संचालन हेतु कमरा सं0–149 को ससमय खुले रखने की व्यवस्था की जाय।

उप निबंधन महानिरीक्षक
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10 / रा0 संग्रहण–17 / 2021(CN 167648) 2213 / पटना, दिनांकः– 24.03.2026

प्रतिलिपिः– विभागीय आई0टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप निबंधन महानिरीक्षक
बिहार, पटना।